OFFICE OF THE PRINCIPAL,
MAHARSHI JAMADAGNI GOVT. COLLEGE FOR GIRLS,
PILLU KHERA (JIND), PIN: 126113
(Ph. Off- 01686297770, E-Mail: gcgpillukhera2019@gmail.com)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

Letter No. MJGCGPK/2025/3647 Dated: 17.12.2025

कार्यालय आदेश

विषय: महाविद्यालय परिसर से आवारा कुत्तों को हर हाल में बाहर रखने तथा परिसर की स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ मोटो रिट याचिका (सिविल) सं. 5/2025 "City Hounded by Strays, Kids Pay Price" तथा उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय परिसर को आवारा कुत्तों के हमलों एवं भय से मुक्त रखना अनिवार्य है। इस संदर्भ में निम्न आदेश सफाई कर्मचारी, चौकीदार एवं अन्य समस्त ग्रुप–D कर्मचारियों के लिए तत्काल प्रभाव से जारी किए जाते हैं:

1. **आवारा कुत्तों को परिसर से बाहर करना अनिवार्य:**
   - महाविद्यालय की इमारत, कमरों, बरामदों, मैदान, मुख्य द्वार, पार्किंग, टॉयलेट, कूड़ेदान क्षेत्र तथा अन्य हिस्सों में यदि आवारा कुत्ते दिखाई दें, तो संबंधित सफाई कर्मचारी/चौकीदार तुरंत सावधानीपूर्वक बाहर खदेड़ेंगे।
   - परिसर के अंदर किसी भी आवारा कुत्ते को बैठने, सोने या झुंड बनाने नहीं दिया जाएगा। "**देखकर भी कोई कार्रवाई न करना**" गंभीर लापरवाही मानी जाएगी।
2. **कुत्तों को खाना खिलाने पर सख्त प्रतिबंध:**
   - महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी महाविद्यालय परिसर के अंदर आवारा कुत्तों को रोटी, बचा हुआ खाना, दूध या कोई भी खाद्य पदार्थ न डाले।
   - यदि कोई कर्मचारी ऐसा करते हुए पाया जाता है, तो इसे आदेशों की अवहेलना माना जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
3. **कूड़ा–कचरा एवं भोजन सम्बन्धी अवशेषों का निस्तारण:**
   - सफाई कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि स्टाफ रूम, छात्राओं के खाने की जगहों तथा अन्य स्थानों से निकलने वाला कूड़ा–कचरा, विशेषकर खाने–पीने से संबंधित कचरा, किसी भी हालत में खुले में न पड़ा रहे।
   - सारा कूड़ा अनिवार्य रूप से ढक्कन वाले निर्धारित डस्टबिन में डाला जाये और साथ ही डस्टबिन समय पर खाली किए जाएंगे, ताकि खाने की गंध से आवारा कुत्ते आकर्षित न हों।
   - महाविद्यालय के सभी सफाई कर्मचारी दिन में समय–समय पर (सुबह और दोपहर) महाविद्यालय के सभी कमरों, बरामदों, सीढ़ियों, शौचालयों और खुले

OFFICE OF THE PRINCIPAL,
MAHARSHI JAMADAGNI GOVT. COLLEGE FOR GIRLS,
PILLU KHERA (JIND), PIN: 126113
(Ph. Off- 01686297770, E-Mail: gcgpillukhera2019@gmail.com)

Letter No. MJGCGPK/2025/3647 Dated: 17.12.2025

स्थानों का निरीक्षण करें। जहाँ कहीं भी गंदगी, कूड़ा–कचरा या बचा हुआ खाना दिखे, उसे तुरंत साफ किया जाएगा। परिसर में किसी भी जगह पर कूड़ा या भोजन के टुकड़े पड़े रहना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा।

4. रात की ड्यूटी पर तैनात चौकीदारों के लिए विशेष निर्देश:

- चौकीदार रात के समय गेट, मैदान और इमारत के आसपास नियमित गश्त करेंगे और यदि आवारा कुत्ते परिसर में घुसने की कोशिश करें, तो उन्हें तुरंत बाहर करेंगे।
- रात के समय किसी भी आवारा कुत्ते को कैंपस के भीतर रुकने न दिया जाये ।
- चौकीदार ड्यूटी के दौरान सुबह महाविद्यालय खुलने से पहले और शाम को बंद होने से पहले मुख्य कमरों, बरामदों और रास्तों पर ध्यान से निगरानी करेंगे, ताकि कोई कोना ऐसा न रहे जहाँ गंदगी जमा हो या जहाँ आवारा कुत्ते बैठ सकें, छिप सकें या ठहर सकें।

5. अनुपालना न करने पर कार्यवाही:

उपरोक्त निर्देश समस्त शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए अनिवार्य एवं बाध्यकारी हैं। कोई भी कर्मचारी इन आदेशों की अवहेलना करता पाया जाता है या जानबूझकर ढिलाई बरतता है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाहीई कीईजाएगी।

सभी संबंधित कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे।

Deepak 17/12/2025

नोडल ऑफिसर

Principal प्राचार्य
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Preeti
Renu
Ravinder 17/12/25
Reema 17/12/25
Priyanka
प्रवीण
Bandana 17/12/25
Santosh
Anuraj